
# प्रगति Insights

वॉल्यूम 18 अंक 2 जुलाई-सितम्बर 2022


## एमडी डेस्क



वित्त वर्ष 2022–23 की दूसरी तिमाही में रील में वरिष्ठ अधिकारियों के दौरे, संसदीय समिति की बैठक और अन्य आयोजनों में भागीदारी, नियमित व्यावसायिक गतिविधियाँ करना, सरकारी कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी से लेकर विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया गया।

व्यावसायिक गतिविधियों को करते हुए, कंपनी अधिक पारदर्शिता के लिए डेयरी व्यवसाय में डिजिटलीकरण को शामिल करने की दिशा में केंद्रित रही और साथ ही दिन–प्रतिदिन के कार्य में अधिक दक्षता लाने के लिए आंतरिक गतिविधियों में भी। सभी स्तरों पर निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय, वाटरशेड इत्यादि में सोलर प्लांट्स एवं सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम भी स्थापित किए गए हैं।

कंपनी में सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हर घर तिरंगा अभियान, स्वच्छता पखवाड़ा, हिंदी पखवाड़ा इत्यादि कार्यक्रमों में कर्मचारियों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लिया और सफल बनाया।

ग्राहकों, विक्रेताओं, कर्मचारियों और शेयरधारकों सहित हमारे सभी हितधारकों को मेरा हार्दिक धन्यवाद, जिन्होंने हमेशा अपना निरंतर समर्थन प्रदान किया है। हम आने वाले वर्ष के लिए बेहतर करने और लक्ष्य हासिल करने के लिए तैयार हैं।

**गतिविधियों का सार**

- संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रील का निरीक्षण
- हर घर तिरंगा कार्यक्रम
- व्यापर प्रमुखताएं
- वीआईपी गैलरी, सहभागिता
- आईएसए फेलो का दौरा
- स्टाफ गतिविधियां

## संसदीय राजभाषा समिति द्वारा रील का राजभाषा संबन्धित निरीक्षण



श्री राकेश चोपड़ा, प्रबंध निदेशक रील, डॉ. मनोज राजोरिया, संयोजक का स्वागत करते हुए



संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप-समिति द्वारा रील का राजभाषा संबन्धित निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की तीसरी उप–समिति द्वारा केंद्र सरकार के कार्यालयों का राजभाषा संबन्धित निरीक्षण दिनांक 23.08.2022 से 25.08.2022 तक किया गया। इस निरीक्षण के दौरान उपक्रम द्वारा राजभाषा हिन्दी से जुड़े कार्यों से संबन्धित निरीक्षण प्रश्नावली तैयार कर संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष प्रस्तुत की।

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक श्री राकेश चौपड़ा द्वारा उपक्रम में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबन्धित कार्यों पर प्रस्तुतीकरण दिया। इस निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा संसदीय राजभाषा समिति के समक्ष बताया कि उपक्रम रील का राजभाषा हिन्दी से संबन्धित कार्यों के प्रति अपने उत्तरदायित्वों के निर्वहन के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होने और राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग और इसके प्रचार प्रसार हेतु किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। रील का निरीक्षण सफलत्तापूर्वक हुआ और निरीक्षण समिति द्वारा उपक्रम में राजभाषा हिन्दी से संबन्धित कार्यों को सराहा और भविष्य में इन प्रयासों को बनाए रखने हेतु निर्देशित किया।

## आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के आयोजन के दौरान "हर घर तिरंगा" ( Har Ghar Tiranga ) कार्यक्रम का आयोजन

भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पूरे राष्ट्र के लिए राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। हमारे ध्वज को और सम्मानित करने के लिए, आजादी का अमृत महोत्सव के तहत सभी प्रयासों की देखरेख करने वाले माननीय गृहमंत्री द्वारा **'हर घर तिरंगा'** कार्यक्रम को मंजूरी दी गयी। यह हर भारतीय को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज "तिरंगा" फहराने के लिए प्रेरित करने की परिकल्पना के उद्देश्य से किया गया।

इस अभियान के तहत कम्पनी ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जिसमें अपने ग्राहकों, सरकारी विद्यालयों, आम जनता, कर्मचारी एवं उनके परिवार, हितधारकों/आपूर्तिकर्ताओं, इत्यादि को शामिल किया गया और अभियान को सफल बनाया। इस पहल के पीछे का विचार राष्ट्र भावना का आह्वान करना है। यह लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाने और अपने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए किया गया।

इस अवसर पर कम्पनी में निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. कम्पनी में **''हर घर तिरंगा अभियान''** की औपचारिक शुरुआत दिनांक 05.08.2022 को की गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज को सम्मान देने एवं इसके व्यापक प्रसार प्रचार के उद्देश्य से कर्मचारियों को तिरंगे झंडे की महत्वता बताते हुये अपने निवास स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर दिनांक 05.08.2022 को प्रातः 9.30 बजे कम्पनी परिसर के मुख्य पोर्च क्षेत्र में माननीय प्रबंध निदेशक महोदय द्वारा तिरंगे झंडे की महत्वता के सम्बंध में उत्प्रेरक सम्बोधन दिया गया। इस क्रम में जन जागरूकता को बढ़ाने हेतु कर्मचारियों द्वारा अपने समीप के निवासियों को अपने निवास स्थान पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया गया।
2. इस अवसर पर दिनांक 08.08.2022 को गांव की आम जनता में राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कंपनी के व्यवसाय क्षेत्र से संबंधित निमेड़ा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति जयपुर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इसके लिए उपलब्ध नागरिकों को भी राष्ट्रीय ध्वज के वितरण के माध्यम से प्रेरित किया गया।
3. कार्यक्रम के आयोजन के क्रम में दिनांक 10.08.2022 को, कंपनी के संबंधित हितधारकों/आपूर्तिकर्ताओं को अपने–अपने प्रतिष्ठानों/संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने और अभियान के बारे में पहुंच बढ़ाने के लिए अपने कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया।
4. इस अवसर पर दिनांक 12.08.2022 को कम्पनी परिसर के समीप स्थित राजकीय विद्यालयों के प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा विद्यालयों के विद्यार्थियों/कर्मचारियों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व से अवगत कराया गया।
5. इस अवसर पर दिनांक 12.08.2022 व दिनांक 13.08.2022 को कंपनी के कर्मचारियों तथा पड़ोस में रहने वाले नागरिकों को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए ताकि वे दिंनाक 13.08.2022 से दिनांक 15.08.2022 के दौरान अपने आवास पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा सकें।
6. इस अवसर पर दिनांक 13.08.2022 को कम्पनी कर्मचारियों हेतु ''राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा'' पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (Quiz Competition) का आयोजन किया गया।




**रील द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत दिनांक 05.08.2022 से 15.08.2022 तक की गई विभिन्न गतिविधियों की झलक**

## व्यापार प्रमुखताएं

### डेयरी इलेक्ट्रॉनिक्स

डेयरी क्षेत्र में, तिमाही के दौरान, कंपनी को देश भर की विभिन्न दुग्ध सहकारी समितियों/संघों से एएमसीयू, डीपीएमसीयू, ईएमटी और मिल्क एनालाइजर के बड़े ऑर्डर मिले हैं।

पशु स्वास्थ्य डेयरी उद्योग के साथ–साथ उपयोगकर्ताओं के लिए भी चिंता का विषय है। दूध में मास्टाइटिस रोग का पता लगाने के लिए रील का समाधान सोसाइटीज को रोग मुक्त दूध उपलब्ध कराने में संतोषजनक परिणाम दे रहा है। तिमाही के दौरान, मोहाली दुग्ध सहकारी संघ की ओर से पूर्व में सफलतापूर्ण आपूर्ति की गई 25 सोमैटिक सेल काउंटर की निरंतरता में 6 नग के लिए आदेश प्राप्त हुआ।

डिजिटल डेयरी और ऑटोमेशन के समावेश ने डेयरी उद्योग में वर्षों से एक सकारात्मक बदलाव लाया है और रील हमेशा बदलती तकनीकों के माध्यम से डेरी क्षेत्र में पारदर्शिता लाने के लिए समर्पित है। ऑटोमैटिक मिल्क कलेक्शन यूनिट (AMCUs) के 719 नग के ऑर्डर देश भर के विभिन्न दुग्ध सहकारी समितियों / ग्राहकों से प्राप्त हुए हैं । मध्य और राजस्थान क्षेत्र से, 287 नग एडवांस्ड डेटा प्रोसेसर मिल्क कलेक्शन यूनिट एवं डेटा प्रोसेसर मिल्क कलेक्शन यूनिट के लिए ऑर्डर भी प्राप्त हुए हैं।

इसके अलावा, देश भर में विभिन्न दुग्ध सहकारी समितियों/ग्राहकों से 937 नग इलेक्ट्रॉनिक मिल्क टेस्टर, 1325 नग मिल्क एनालाइजर और 548 नग सोलर चार्ज कंट्रोलर सिस्टम के नियमित ऑर्डर प्राप्त हुए हैं। इस प्रकार रील अपने इन सिस्टम्स के माध्यम से निरंतर किसानों को सशक्त बनाती आयी है एवं डेयरी क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं ।

### डीजीटाईजेशन-अन्य पहल- आईटी

रील ने चुनाव विभाग, राजस्थान की स्टेट लेवल एजेंसी (एस.एल.ए) के रूप में काम करते हुए सफलतापूर्वक तकनीकी सहायता सेवाएं प्रदान की हैं।

राजस्थान राज्य सहकारी बैंक (RSCB) के 500 शाखा कार्यालयों, 29 DCCBs और 1 शीर्ष बैंक के लिए कोर बैंकिंग समाधान की ATS/AMC/हेल्प डेस्क सेवाएं इस तिमाही के दौरान REIL द्वारा M/s TCS के माध्यम से सफलतापूर्वक प्रदान की गई। वे समय–समय पर आवश्यक परिवर्तनों के लिए आवश्यकता के आधार पर रील को अतिरिक्त आदेश भी देते रहते हैं।

IT डिवीजन ने कंपनी के फील्ड मेंटेनेंस सेंटर (FMC) और क्षेत्रीय कार्यालयों के ऑनलाइन स्टॉक प्रबंधन के लिए वेब–आधारित सॉफ्टवेयर को सफलतापूर्वक डिजाइन और विकसित किया है जिसमें उपभोग विवरण, ऋण वाउचर, प्रधान कार्यालय से क्षेत्रीय कार्यालय को जारी स्टॉक, इंटर FMC स्टॉक एक्सचेंज सुविधा, स्टॉक समायोजन सुविधा, ऑनलाइन स्टॉक उपलब्धता आदि शामिल हैं। यह देश भर में हमारे सेवा केंद्रों में इन्वेंट्री के बेहतर प्रबंधन/उपयोग/ऑप्टिमाइजेशन के लिए बहुत प्रभावी होगा।

सभी एफएमसी की इन्वेंट्री तत्काल मासिक/वार्षिक मूल्यांकन के साथ ऑनलाइन उपलब्ध है। यह पेपरलेस ई–ऑफिस की दिशा में एक पहल है और प्रत्येक चरण में एरर–फ्री और समय की बचत जैसे लाभ के साथ सभी हितधारकों के बीच पारदर्शिता बनाये रखने में एवं व्यापार में वृद्धि के आसार देगा ।

### ग्राहक प्रशिक्षण कार्यक्रम

अंतिम उपयोगकर्ताओं को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने के लिए रील का प्रशिक्षण एक नियमित गतिविधि है। तिमाही के दौरान, कंपनी ने 740 क्षेत्रीय श्रमिकों और दुग्ध समाज सचिवों को प्रशिक्षित किया है, जो 300 से अधिक गाँवों को लाभान्वित कर रहे हैं ताकि कौशल विकास के लिए एक संपूर्ण कार्यान्वयन ढांचा तैयार किया जा सके। इसलिए इससे उन्हें बेहतर आजीविका प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अक्षय ऊर्जा

तिमाही के दौरान, रील ने विभिन्न सीपीएसई/विभागों जैसे एनएमडीसी लिमिटेड, गुरु गोविंद जनजातीय विश्वविद्यालय, पीएचईडी, वाटरशेड विभाग आदि के तहत परियोजनाओं को क्रियान्वित किया है।

निर्बाध बिजली आपूर्ति के माध्यम से शिक्षा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, कंपनी ने विश्वविद्यालय परिसर में 100 kWp एसपीवी पावर प्लांट की आपूर्ति, स्थापना और कमीशनिंग के लिए गुरु गोविंद आदिवासी विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा से एक आदेश प्राप्त किया और निष्पादित किया।

रील सिंचाई और अन्य जरूरतों के लिए एसपीवी वाटर पम्पिंग सिस्टम लगातार लगाती आयी है, पीएचईडी विभाग के तहत, रील ने राजस्थान में 10 एचपी सौर ऊर्जा आधारित बोरवेल वाटर पम्पिंग सिस्टम का ऑर्डर प्राप्त किया और सफलतापूर्वक स्थापित किए। साथ ही वाटरशेड विभाग के तहत भी, कंपनी ने राजस्थान में 5 एचपी एसपीवी वाटर पंपिंग सिस्टम के 32 नग के ऑर्डर को सफलतापूर्वक निष्पादित किया है।

रूफटॉप के तहत, रील को उत्तरी रेलवे–द्वितीय के विभिन्न स्थानों पर संचयी 400 kWp रूफ टॉप ग्रिड कनेक्टेड सोलर पीवी सिस्टम की आपूर्ति और स्थापना का आदेश प्राप्त हुआ है, जिसमें डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग, नेट मीटरिंग और 5 साल के लिए वार्षिक रखरखाव शामिल है।

रील ने पीएफसी की सीएसआर गतिविधि के तहत, उत्तर प्रदेश राज्य के मोहनलालगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गाँवों में 400 नग SPV LED SLS को सफलतापूर्वक स्थापित और चालू किया।



पीएसयू सीएसआर के तहत एसपीवी एसएलएस

### न्यू -प्रोजेक्ट्स

रील ने ईईएसएल के लिए प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट (पीएमसी) और वार्षिक रखरखाव सलाहकार (एएमसी) के रूप में अपनी भूमिका में इस तिमाही के अंत में स्ट्रीट लाइट नेशनल प्रोग्राम (एसएलएनपी) के तहत कुल 320277 नग एलईडी लाइट्स को सफलतापूर्वक स्थापित और रखरखाव किया है।

पीयूसीसी परियोजना के तहत, तिमाही के दौरान कुल 7.65 लाख वाहन प्रमाण पत्र सृजित किए गए हैं, जिससे शुरुआत से लेकर अब तक संचयी परिनियोजन 1515.14 लाख हो गया है।

रील ने ईवी चार्जिंग स्टेशनों के लिए धर्मशाला नगर निगम (HP), इरोड नगर निगम (TN) और ईएलसीआईटीए (ELCITA) बेंगलुरु(KTK) के साथ रेवेन्यू शेयरिंग एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किए।

# वीआईपी गैलरी

## माननीय सचिव भारी उद्योग मंत्रालय ने आरईआईएल के कार्यों का दौरा किया



तत्कालीन सचिव, भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अरुण गोयल ने 19.09.2022 को रील के कार्यों का दौरा किया।

उन्होंने रील द्वारा किए जा रहे व्यापार, भविष्य अवसरों एवं कंपनी द्वारा सामना की जा रही चुनौतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। एमडी रील ने समय–समय पर उनके समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## अध्यक्ष, वेरका दुग्ध संयंत्र ने रील के कार्यों का दौरा किया



श्री गुरभेज सिंह टिब्बी, अध्यक्ष, वेरका मिल्क प्लांट, फिरोजपुर और बोर्ड ऑफ डायरेक्टर मिल्कफेड, पंजाब ने 27.08.2022 को रील परिसर का दौरा किया। रील के उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। उन्होंने रील के उत्पादों और डेयरी उद्योग में योगदान की सराहना की।

# सहभागिता

### इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन द्वारा वर्ल्ड समिट 2022

इंटरनेशनल डेयरी फेडरेशन द्वारा वर्ल्ड समिट 2022 का आयोजन दिनांक 12.09.2022 से 15.09.2022 को ग्रेटर नोएडा में किया गया जिसमे रील ने अपने सभी कंपनी उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस दौरान मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री, श्री पुरुषोत्तम रूपाला द्वारा IDF 2022 में रील के स्टॉल का अवलोकन किया गया एवं कंपनी उत्पादों की प्रशंसा की। रील के प्रबंध निदेशक श्री राकेश चोपड़ा ने IDF 2022 में कंपनी स्टॉल पर पहुंच कर रील टीम को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शित किया।





### कट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित "Accelerating Electric Vehicle Adoption in Rajasthan"

एमडी रील ने 29.07.2022 को होटल गोल्डन ट्यूलिप, जयपुर में कट्स इंटरनेशनल द्वारा आयोजित "Accelerating Electric Vehicle Adoption in Rajasthan" के उद्घाटन सत्र के दौरान मुख्य वक्ता बनकर संबोधित किया। देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगाने में रील के प्रयासों को साझा करते हुए उन्होंने ईवी यात्रा को आगे ले जाने के लिए चुनौतियों और आगे बढ़ने के तरीकों पर भी चर्चा की। उन्होंने राजस्थान में भी ईवी को गति प्रदान करने के लिए मजबूत चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर होने पर भी बल दिया।




## विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सदस्य देशों के आईएसए फेलो ने रील परिसर का दौरा किया



रील वर्क्स के दौरे के दौरान आईएसए फेलो



बसेदी गांव के दौरे के दौरान आईएसए फेलो

26.07.2022 को विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (ISA) सदस्य देशों के आईएसए फेलो ने रील परिसर का दौरा किया। रील ने उनका स्वागत किया और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के क्षेत्रों में विनिर्माण सुविधा, रील गुणवत्ता आश्वासन नीति और कंपनी के विभिन्न अन्य कार्यों सहित कंपनी के बारे में अवगत कराया।

एमडी रील एवं टीम रील ने आईएसए फेलो को संबोधित किया और आईएसए सदस्य देशों के साथ विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा की। आईएसए फेलो ने जयपुर के पास बसेड़ी–गांव में स्थापित 3 एचपी और 5 एचपी सौर जल पम्पिंग प्रणाली का लाइव डेमोंस्ट्रेशन देखा।

# स्टाफ गतिविधियां

## प्रशिक्षण

तिमाही के दौरान विभिन्न डोमेन पर आंतरिक और बाहरी स्तर पर कम्पनी कर्मचारियो के लिए कुल 26 प्रशिक्षण कार्य दिवस आयोजित किए गए। इस दौरान संवर्धित और आभासी वास्तविकता (Augmented and Virtual reality) एव राजभाषा हिन्दी में कार्यालय गतिविधियों के तहत मसौदा लेखन (Draft Writing) विषय पर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## पदोन्नति

कम्पनी में दिनांक 01.09.2022 को 01 अधिकारी को पदोन्नति दी गई –

- श्री संजीव कुमार – महाप्रबंधक के पद पर

कंपनी में दिनांक 01.07.2022 को निम्नलिखित को पदोन्नति दी गई –

- श्री भगवान दान चारण, श्री भोपाल सिंह राठौड़, एवं श्री धनराज नामा – कनिष्ठ अभियन्ता - I के पद पर
- श्री दिनेश कुमार, श्रीमति अंजना शर्मा, श्री मनोज कुमार शर्मा एवं श्री सुन्दरम डी. – कनिष्ठ अभियंता - II के पद पर
- श्री अमित प्रभाकर शर्मा – कार्यालय अधीक्षक के पद पर
- श्री ललित कुमार मीना, श्री संतोष अवस्थी एवं श्री राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी – पर्यवेक्षक (तकनीकी) के पद पर
- श्री हरीनारायण एवं श्री रामसहाय – वरिष्ठ मुख्य संचालक के पद पर
- श्री राजेन्द्र कुमार यादव,श्री शांति देव शर्मा, श्री अजीत सिंह नरुक एवं श्री लोकेन्द्र टांक – तकनीकी सहायक के पद पर।

***कम्पनी उन्हें बधाई एवं उनके करियर में निरंतर सफलताओं के लिए शुभकामनाएं देती है।***

## सेवानिवृत्ति

श्री जे. पी. शर्मा, कनिष्ठ अभियंता- I, दिनांक 31.07.2022 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 38 वर्षो तक कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री नेमी चंद बागड़ा, वरिष्ठ मुख्य संचालक, दिनांक 31.07.2022 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 33 वर्षो तक कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री वीरेंद्र सिंह नारंग, अभियंता, दिनांक 31.08.2022 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 40 वर्षो तक कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री मुकेश बिहारी माथुर, महाप्रबंधक,दिनांक 31.08.2022 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 37 वर्षो तक कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

श्री देवी लाल भांभी, वरिष्ठ अभियंता, दिनांक 31.08.2022 को कम्पनी की सेवा से सेवानिवृत हुए। उन्होंने 37 वर्षो तक कम्पनी में ईमानदारी, लगन तथा मेहनत से कार्य किया व कम्पनी के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

***कम्पनी उपरोक्त सभी सेवानिवृत कर्मचारियो को खुशहाल, स्वस्थ और समृद्ध जीवन के लिए शुभकामनाएं देती है।***

## स्वतंत्रता दिवस समारोह



दिनांक 15.08.2022 को कम्पनी परिसर में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रबन्ध निदेशक, श्री राकेश चौपडा द्वारा कम्पनी परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम के आयोजन में कम्पनी कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर कम्पनी में विभिन्न अवसरों जैसे राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह 2022, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2022 एवं वर्ष 2021–22 के दौरान राजभाषा हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को परितोषिक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

1. राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह
   **सुझाव आमंत्रण प्रतियोगिता**
   **प्रथम पुरस्कार** : श्री भावेश शर्मा
2. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस
   **निबंध प्रतियोगिता**
   **प्रथम पुरस्कार** : श्री बलवीर सिंह राजपूत
   **द्वितीय पुरस्कार** : श्रीमति श्वेता जैन
   **तृतीय पुरस्कार** : श्री पुरुषोत्तम कौशिक
3. **हिन्दी पुरस्कार योजना के तहत पुरस्कार वितरण :**
   श्री पुष्कल अग्रवाल,
   श्री बलवीर सिंह राजपूत, एवं
   श्री शैलेश टेलर

## स्वच्छता पखवाड़ा (16.08.2022 से 31.08.2022)



भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत कम्पनी परिसर में दिनांक 16.08.2022 से 31.08.2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

1. स्वच्छता शपथ
2. बैनर एवं पोस्टर्स का प्रदर्शन
3. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) पर जागरूकता अभियान
4. एकल प्रयोग प्लास्टिक (Single Use Plastic) का निस्तारण
5. अनुपयुक्त प्लास्टिक सामान का निस्तारण
6. स्वच्छता का स्थायीकरण (मान्यता प्राप्त तकनीक '5S' का अनुप्रयोग)
7. कम्पनी परिसर में स्थित पानी की टंकियों की सफाई
8. विभागों में स्वच्छता एवं सफाई तथा मान्यता (Recognition) एवं पुरस्कार
9. विभागों में फर्नीचर की जाँच एवं बेकार सामान का निस्तारण
10. विभागों में फर्नीचर की मरम्मत
11. नारा प्रतियोगिता
12. अभिलेखों का डिजिटलीकरण
13. जारुकता कार्यशाला का आयोजन
14. शौचालयों का निरीक्षण एवं रखरखाव

## विश्वकर्मा पूजा

कंपनी परिसर के उत्पादन विभाग में दिनांक 17.09.2022 को भगवान विश्वकर्मा जी की पूजा विधि विधान से संपन्न हुई जिसमें प्रबंध निदेशक महोदय ने रील के सभी कर्मचारियों व उनके परिवारजनों को विश्वकर्मा जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी के सहयोग के साथ कंपनी के उज्जवल भविष्य की कामना की।





## हिन्दी पखवाड़ा (01.09.2022 से 14.09.2022)

हिन्दी दिवस (14 सितम्बर) मनाने के लिए कम्पनी में दिनांक 01.09.2022 से 14.09.2022 तक "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया। इस दौरान निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया:–

1. **निबन्ध प्रतियोगिता (कम्पनी कर्मचारियों के लिए)**
   "राष्ट्र निर्माण में राजभाषा हिन्दी की भूमिका"
   अथवा
   "राजभाषा हिन्दी देश की संस्कृति और संस्कारों का प्रतिबिंब है"
   **निबन्ध प्रतियोगिता (छात्र–छात्राओं के लिए)**
   "स्वाभिमान और गर्व की भाषा हैं हिन्दी"
2. **हिन्दी गद्यांश सुधार प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी व्याकरण प्रतियोगिता**
4. **हिन्दी कार्यशाला का आयोजन**

"हिन्दी पखवाड़ा" के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त राजभाषा विभाग द्वारा समय समय पर दिये गए निर्देशों की अनुपालना में कम्पनी के संबन्धित क्षेत्रीय कार्यालय, जो कि गैर हिन्दी भाषी क्षेत्र (बेंगलोर – हैदराबाद) में स्थित है, वहाँ पर निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया:

1. **हिन्दी काव्य पाठ प्रतियोगिता**
2. **हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता**
3. **हिन्दी नारा प्रतियोगिता**

## हिन्दी दिवस 2022 एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन



दिनांक 14.09.2022 को हिन्दी दिवस के अवसर पर आयोजित "हिन्दी दिवस 2022 एवं द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन"का आयोजन सूरत (गुजरात) में किया गया है। इस सम्मेलन में माननीय गृहमंत्री, भारत सरकार श्री अमित शाह जी, माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री अजय कुमार मिश्रा जी एवं माननीय गृह राज्य मंत्री, भारत सरकार श्री निशिथ प्रामाणिक जी, माननीय मुख्यमंत्री, गुजरात सरकार श्री भूपेंद्र पटेल जी एवं राजभाषा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। राजभाषा सम्मेलन में उपक्रम रील की



ओर से प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष नराकास (उ) जयपुर के श्री राकेश चौपड़ा जी एवं सचिव नराकास (उ) जयपुर श्री संदीप प्रेम जी ने सहभागिता की।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम) जयपुर की 44वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन



राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में दिनांक 30.08.2022 को नराकास उपक्रम जयपुर की 44वीं अर्धवार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता, अध्यक्ष, नराकास (उ), जयपुर एवं प्रबंध निदेशक, रील श्री राकेश चौपड़ा द्वारा की गयी। बैठक के आयोजन में श्री नरेंद्र कुमार मेहरा, सहायक निदेशक राजभाषा विभाग, भारत सरकार, श्री राजेश मीना जी, समन्वयक एवं हिन्दी प्राध्यापक, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, हिंदी शिक्षण योजना, जयपुर केंद्र एवं सभी सदस्य उपक्रमों के प्रमुखों, राजभाषा अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस बैठक का आयोजन कम्पनी के रील हाउस परिसर में किया गया।

बैठक में अध्यक्ष, नराकास (उ), जयपुर ने राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुये बताया कि हिंदी भाषा का एक रत्न है। उन्होने बताया कि सभी सदस्य उपक्रमों को हिंदी का उपयोग करने और करवाने के लिए और भी प्रेरित करने में सशक्त होगी जिससे हम सब मिलकर एक ऐसे भारत का निर्माण करेंगे जिसमें हिंदी को हर स्तर पर आसानी से बोला और समझा जा सकेगा। नराकास (उ) जयपुर के तत्वाधान में सभी सदस्य उपक्रमों के साथ किए जा रहे प्रयासों को देखते हुये बताया कि, हिंदी भाषा को और आगे ले जाने में सफल साबित होंगे।

**Editorial : Chief Editor** - Mr. Sanjeev Kumar, **Editor** - Ms. Loveena Babbar  **Email :** insights@reil.co.in

Quarterly Pragati Insights, Published by
**Rajasthan Electronics & Instruments Limited (REIL)**
"REIL HOUSE", Shipra Path, Mansarovar, Jaipur - 302020, Rajasthan (INDIA)
Tel : 91-141-2888511-14, 2940103 • E-mail : mdo@reiljp.com • Website : www.reiljp.com
Printed for Rajasthan Electronics & Instruments Limited by M/s. Laxmi Printers, Jaipur # 9829125258